# GENIUS HIGH SCHOOL - BHONGIR
## FORMATIVE ASSESSMENT - 01

Class: X
Sub: Hindi

Marks: 40

I निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो। 5m

पुस्तकों का महत्व रत्नों से भी अधिक है। श्रेष्ठ पुस्तकें मनुष्य तथा समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती है। महात्मा गाँधी गीता से टॉलस्टाय तथा अमेरिका के संत थोरो के साहित्य से प्रभावित थे। गुप्तकाल भारत का स्वर्णिम युग कहा जाता है। क्योंकि उस काल में अधिक से अधिक पुस्तकों की रचना हुई। कालीदास इस युग के महान साहित्यकार थे।

1. पुस्तकों का महत्व किससे भी अधिक है?
2. पुस्तकें किसको मार्गदर्शन करती है?
3. गुप्तकाल को भारत का कौनसा युग कहा जाता है?
4. गाँधी और टॉलस्टाय किनके साहित्य से प्रभावित थे?
5. गुप्तकाल युग के महान साहित्यकार कौन थे?

II निम्न प्रश्नों मे से किंही पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर लिखो। 15m

1. पहले पद में मीरा ने हरी से अपनी पीडा हरने की विनती किस प्रकार की है?
2. मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है?
3. मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?
4. ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते?
5. बडे भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पडती थी?
6. बडे भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों?
7. एक दिन जब गुल्ली-डंडा खेलकर छोटे भाई बडे भाई के सामने पहुँचा तो उनकी क्या प्रतिक्रिया हुई?

III निम्न लिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो। 5m

1. शेष –
2. आज़ादी –
3. नसीहत –
4. राजा –
5. ताज्जुब –

IV 'इक' प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए। 5m

1. विचार –
2. संसार –
3. प्रयोग –
4. दिन –
5. इतिहास –

V निम्न लिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 3m

1. आड़े हाथों लेना –
2. लोहे के चने चबाना –

VI निम्न लिखित शब्दों के प्रचलित रूप लिखो। 7m

1. नेडा –
2. साबण –
3. आँगणी –
4. औरन –
5. चीर –
6. राखो –
7. कुसुम्बी –